संख्याः 2–212 / 2018–हि०प्र०वि०वि०(सा०)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)
"सामान्य प्रशासन शाखा"

.....

प्रेषित,

1– आचार्य सिकन्दर कुमार, माननीय कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
2– आचार्य राजिन्द्र सिंह चौहान, माननीय प्रति कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
3– अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं सचिव (वित्त), हि०प्र० सरकार, शिमला–2
4– सचिव (शिक्षा), हि०प्र० सरकार, शिमला–2
5– शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–1
6– आचार्य एस०के० महाजन, अधिष्ठाता, समाज–विज्ञान संकाय, हि०प्र०वि०,शिमला–5
7– आचार्य श्याम लाल कौशल, अधिष्ठाता, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय, हि०प्र०वि०, शिमला–5
8– श्री आशिश कुमार मिश्रा , प्राचार्य, राज० महाविद्यालय देहरी, जिला कांगड़ा, हि०प्र०
9– श्री प्रमोद कुमार, प्राचार्य, राज० महाविद्यालय सीमा(रोहडू), जिला शिमला, हि०प्र०
10– आचार्य एस.एस. कंवर, जैव–प्रौद्योगिकी विभाग, हि०प्र०वि०, शिमला–5
11– श्री सुभाष ठाकुर, माननीय विधायक, विधान सभा, बिलासपुर सदर निर्वाचन क्षेत्र, मकान नं.23 / 4, सैक्टर–2, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (हि०प्र०)
12– श्री बिपन कुमार, अधीक्षक, स्थापना शाखा, हि०प्र०वि०,शिमला–5
13– आचार्य एन.के. शारदा, मंगलयान कंगनाधार, फेज-III, शिमला–9
14– आचार्य वी.पी. शर्मा, वशिष्ट भवन, बीलो पुलिस पोस्ट समरहिल, शिमला–5
15– श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सह–आचार्य, पत्रकारिता विभाग, इक्डोल, हि०प्र०वि०, शिमला–5

दिनांकः शिमला–5, 03 OCT 2018 / 04

विषयः– **कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2018 की द्वितीय नियमित बैठक की कार्यवाही।**

महोदय,

कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2018 की द्वितीय नियमित बैठक जो दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न हुई की कार्यवाही आपके अवलोकनार्थ एवं पुष्टिकरण हेतु प्रेषित है।

भवदीय,
(के.के. शर्मा)
कुलसचिव
सदस्य–सचिव

पृष्ठांकन संख्याः सम । दिनांकः 03 OCT 2018 / 04

प्रतिलिपिः–

1 सचिव कुलाधिपति महोदय एवं महामहिम राज्यपाल, हि०प्र० राज भवन, शिमला को मद संख्या 8 से 14 की कार्यसूची सहित।
2– अधिष्ठाता अध्ययन / छात्र कल्याण / निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र / वित्त अधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक, हि०प्र०वि०, शिमला–5
3– समस्त संकायों के अधिष्ठाता / समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष, हि०प्र०वि०, शिमला–5
4– संयुक्त परीक्षक, स्थानीय लेखा विभाग / सहायक कुलसचिव (स्था०), हि०प्र०वि०, शिमला–5
5– प्राचार्य, हि०प्र०वि० सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र, शिमला–1
6– प्रभारी, हि०प्र०वि० वैब–साईट, हि०प्र०वि०, शिमला–5 को उपरोक्त कार्यवाही को विश्वविद्यालय वैब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
7– सहायक कुलसचिव(कुलपति कार्या०) / अनुभाग अधिकारी(कुलसचिव कार्या०),हि०प्र०वि०,शिमला।
8– सचिव कुलपति, हि०प्र०वि०, शिमला–5
9– रक्षक मिसिल ।

कुलसचिव

# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
## 'सामान्य प्रशासन शाखा'

.....

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2018 की द्वितीय नियमित बैठक की कार्यवाही जो दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आचार्य सिकन्दर कुमार, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

1– आचार्य राजिन्द्र सिंह चौहान, प्रति कुलपति

2– श्री नवनीत कुमार, उप–सचिव (शिक्षा), हि0प्र0 सरकार

3– डॉ0 अमरजीत कुमार शर्मा, निदेशक(उच्च शिक्षा), हि0प्र0 शिमला

4– आचार्य श्याम लाल कौशल, अधिष्ठाता, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय

5– डॉ0 आशिथ कुमार मिश्रा, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय देहरी

6– श्री प्रमोद कुमार, प्राचार्य, प्रतिनिधि शैक्षणिक परिषद्

7– श्री सुभाष ठाकुर, माननीय विधायक, नामिती राज्य सरकार

7– श्री बिपन कुमार, प्रतिनिधि गैर–शिक्षक कर्मचारी

8– आचार्य एन.के. शारदा, नामिती माननीय कुलाधिपति

9– श्री अजय श्रीवास्तव, सह–आचार्य, पत्रकारिता विभाग (इक्डोल),

10–श्री के.के. शर्मा, हि.प्र.से.

–कुलसचिव
सदस्य–सचिव

*मद संख्या–1:* **कुलपति महोदय का वक्तव्य।**

......

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2018 की दूसरी नियमित बैठक कुलपति महोदय ने सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय आचार्य देव व्रत जी एवं हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमन्त्री, माननीय श्री जय राम ठाकुर जी का हार्दिक धन्यवाद किया

जिन्होंने उन्हें हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर नियुक्ति प्रदान की।

उन्होंने शैक्षणिक परिषद् से नवनियुक्त सदस्य श्री प्रमोद कुमार, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सीमा, रोहडू का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

कुलपति महोदय ने परिषद् को अवगत कराया कि विगत अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित की गईं:-

1. दिनांक 8 अगस्त, 2018 को खेलकूद परिषद् एवं युवा कार्यक्रम की 47वीं वार्षिक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्री श्री गोविन्द सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के आए प्राचार्यों और हिमाचल प्रदेश के सभी महाविद्यालयों के शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापकों के साथ भी बैठक आयोजित की गई।

2. दिनांक 14 अगस्त, 2018 को विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों व संस्थानों के निदेशकों के साथ बैठक की।

3. दिनांक 15 अगस्त, 2018 को विश्वविद्यालय परिसर में स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया।

4. दिनांक 16 अगस्त, 2018 को विश्वविद्यालय सभागार में चतुर्थ श्रेणी व तकनीकी कर्मचारियों के साथ बैठक की।

5. दिनांक 20 अगस्त, 2018 को कुलपति कार्यालय में सभी छात्र संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

6. दिनांक 20 अगस्त, 2018 को कुलपति कार्यालय में मुख्य छात्रपाल व सभी होस्टलों के छात्रपालों से बैठक की।

7. दिनांक 23 अगस्त, 2018 को कुलपति कार्यालय में कार्यकारिणी परिषद्, कोर्ट सदस्य, अधिकारी संघ व तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

8. दिनांक 27 अगस्त, 2018 को कुलपति कार्यालय में निजी सचिव/आंशुलिपिक संघ के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

9. दिनांक 28 अगस्त, 2018 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में वन विभाग एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने मिलकर वृक्षा-रोपण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री गोविन्द ठाकुर, माननीय वन मन्त्री ने विश्वविद्यालय परिसर में पौद्या रोपण किया।

10. दिनांक 28 अगस्त, 2018 को विश्वविद्यालय सभागार में यू.आई.एल.एस. के "Envision II, 2018" वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

11. दिनांक 4 सितम्बर, 2018 को विश्वविद्यालय सभागार में स्नातकोत्तर केन्द्र के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

12. दिनांक 4 सितम्ब, 2018 को ही कुलपति कार्यालय में केन्द्रीय छात्र संघ के चुनाव सम्बन्धी उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।

13. दिनांक 5 सितम्बर, 2018 को अर्थशास्त्र विभाग में अध्यापक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक भोजन का भी आयोजन किया गया।

14. दिनांक 11 सितम्बर, 2018 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई।

15. दिनांक 14 सितम्बर से 17 सितम्बर, 2018 को दिल्ली प्रवास के दौरान भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी से शिष्टाचार स्वरूप भेंट की तथा उनसे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एवं उद्बोधन देने हेतु आग्रह किया। इसके अतिरिक्त भारत सरकार के माननीय मानव संसाधन मन्त्री, माननीय स्वास्थ्य मन्त्री, माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री एवं माननीय जल संसाधन राज्य मन्त्री से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें विश्वविद्यालय की सभी समस्याओं से अवगत करवाया, जैसे विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र की मान्यता, होस्टल, स्वास्थय केन्द्र, परिसर व विभागों में जल आपुर्ति इत्यादि।

16. दिनांक 15 सितम्बर, 2018 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत ''स्वच्छता ही सेवा-2018'' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसके तहत पूरे विश्वविद्यालय परिसर में अध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा सफाई अभियान आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में प्रत्येक विभाग में बनाए गए ईको क्लब ने भाग लिया।

17. दिनांक 19 सितम्बर, 2018 को विश्वविद्यालय सभागार में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के मॉडल स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

18. दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की तृतीय अंतर महाविद्यालय निशानेबाजी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

19. दिनांक 24 सितम्बर, 2018 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।

तत्पश्चात् उन्होंने कुलसचिव से आग्रह किया कि वे आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद् के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

**<u>मद संख्या–2:</u> कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठकों दिनांक 29.03.2018 एवं 06.06.2018 में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण।**

.......

कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठकों दिनांक 29.03.2018 एवं 06. 06.2018 बैठकों में लिए गए निर्णयों का निम्न टिप्पणी/संशोधन के साथ पुष्टिकरण किया:–

<u>दिनांक 29.03.2018</u>

<u>(मद संख्या–23)(11)</u>: कुलसचिव ने कार्यकारिणी परिषद् ने दिनांक 29–3–2018 को हुई बैठक में मद संख्या–23 के अंतर्गत वित्त समिति की सिफारिशों पर विश्वविद्यालय मॉडल स्कूल में कार्यरत 14 जे.बी.टी. शिक्षकों, 01 शिक्षक शास्त्री तथा 01 पी.टी.आई. शिक्षक को टी.जी.टी. पद के लिए स्तरोन्नति हेतु जो TET के अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करते हों, TET की शर्त में छूट प्रदान करने का मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष उठाया और परिषद् को अवगत कराया कि प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या:EDN-C-A(3)12/2007-L दिनांक 31.05.2012 के अंतर्गत टी. जी.टी. के पद पर पदोन्नति हेतु शिक्षक पात्रता योग्यता (TET) को अनिवार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी सूचित किया कि ये शिक्षक राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) द्वारा जारी अधिसूचना संख्या:61–03/**2010/सनसीटीई(एन एंड एस)** दिनांक 23–8–2010 के अनुसार TET की अनिवार्य शर्त को पूरा नहीं करते हैं। उन्होंने इसके दृष्टिगत सूचित किया कि सम्बन्धित शिक्षक की पात्रता पूर्ण न होने की दशा में इन्हें TGT के पद पर स्तरोन्नत नहीं किया जा सकता।

कार्यकारिणी परिषद् ने मामले पर विस्तृत एवं गहन चर्चा के उपरान्त यह निष्कर्ष निकाला कि यद्यपि इन शिक्षकों ने प्रदेश सरकार की उपरोक्त अधिसूचना दिनांक 31–5–2012 के अंतर्गत शिक्षक पात्रता योग्यता (TET) उतीर्ण नहीं की है तथापि यदि मॉडल स्कूल में कार्यरत यह शिक्षक टी.जी.टी. पद हेतु प्रदेश सरकार के भर्ती एवं पदोन्नति नियम–2009 के अनुरूप अन्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करते हैं व इनकी नियुक्ति विद्यालय में वर्ष 2009 से पूर्व की गई है इस प्रकार TGT के पद पर स्तरोन्नति प्रदान की जा सकती है।

अतः कार्यकारिणी परिषद् ने मद पर गहन विचार–विमर्श के उपरांत विश्वविद्यालय अध्यादेश 35.6 में निहित प्रावधान के अनुरूप अपनी पिछली बैठक दिनांक 29–03–2018 में मद संख्या–23 के अंतर्गत लिए गए निर्णय को पुनः अनुमोदित किया व मद का पुष्टिकरण किया।

मद संख्या–3: **कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठकों दिनांक 29.03.2018 एवं 06.06.2018 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।**

कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठकों दिनांक 29.03.2018 एवं 06.06.2018 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई को नोट कर अनुमोदित किया।

मद संख्या–4: **कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा–12–सी(7) में निहित शक्तियों के अन्तर्गत लिए गए निर्णयों से अवगत करवाने बारे।**

.....

कुलपति महोदय ने उपरोक्त निहित शक्तियों के अंतर्गत कोई कार्रवाई नहीं की है।

मद संख्या–5: **कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से यदि कोई मद प्राप्त हुई है।**

.....

कार्यकारिणी परिषद के सम्माननीय सदस्यों से निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कोई मद प्राप्त नहीं हुई है।

**मद संख्या–6:** **हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वर्ष 2014–2015 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अधिनियम, 1970 (संशोधित) धारा–29 के प्रावधानों के अनुरूप हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद् की बैठक के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने बारे।**

....

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अधिनियम, 1970 (संशोधित) धारा–29 के प्रावधानों के अंतर्गत विश्वविद्यालय के वर्ष 2014–2015 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को अनुमोदित कर विश्वविद्यालय कोर्ट के अनुमोदन हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया।

**मद संख्या–7:** **शैक्षणिक परिषद की नियमित बैठक दिनांक 30.07.2018 की सिफारिशें कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ हेतु मामला प्रस्तुत करने बारे।**

......

कार्यकारिणी परिषद् ने शैक्षणिक परिषद् की दिनांक 30.07.2018 को हुई बैठक की सिफारिशों को **संलग्नक** के अनुरूप अनुमोदित किया।

सदस्य आचार्य श्याल लाल कौशल ने प्रबन्धन अध्ययन विषय में पीएच.डी. में प्रवेश हेतु **प्रबंधन अध्ययन विषय** में बोर्ड ऑफ स्टडीज़ (स्नातकोत्तर) की दिनांक 19–6–2018 को हुई बैठक में जे.आर.एफ. व नैट उतीर्ण छात्रों को बिना प्रवेश परीक्षा के पीएच.डी. में प्रवेश की सिफारिशों जिसे शैक्षणिक परिषद् की स्थायी समिति ने अनुमोदित किया है को मौखिक तौर पर कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष चर्चा हेतु उठाया और परिषद से इन्हें अनुमोदित करने का आग्रह किया। जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने विस्तृत विचार–विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया कि शैक्षणिक परिषद् की स्थायी समिति की सिफारिशों को कार्यकारिणी परिषद् में प्रस्तुत किया जाए ताकि सिफारिशों पर नियमानुसार निर्णय लिया जा सके।

<u>मद संख्या–8:</u> **विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 37 के प्रावधान के अनुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2016–17 कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ व अनुमोदन हेतु।**

......

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा–37 के प्रावधानों के अनुरूप के विश्वविद्यालय के वर्ष 2016–17 के वार्षिक प्रतिवेदन को अनुमोदित कर विश्वविद्यालय कोर्ट के अनुमोदन हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया।

<u>मद संख्या–9:</u> **To place before the Executive Council the matter of granting/ allowing 50% fee consession/ refund to the wards of H.P. University employees admitted on merit against NRI/ NRI sponsored seats/ Self-Financing Courses who retired from the University Services in mid term of the study course.**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय कर्मचारियों के आश्रितों (wards) जिन्होंने स्वयं–पोषित योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों में वरीयता के आधार पर प्रवेश पाया है को मध्यावधि में कर्मचारी की सेवानिवृत्ति उपरांत भी उक्त पाठ्यक्रम के पूर्ण होने तक 50% फीस माफी का लाभ मिलता रहेगा। परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन विभागों/संस्थानों में कर्मचारियों के आश्रितों के लिए आरक्षित सीटों पर प्रवेश में उक्त 50% फीस माफी का लाभ देय नहीं होगा।

<u>मद संख्या–10:</u> **डॉ० चन्द्र मोहन परशीरा, आचार्य, व्यवसायिक अध्ययन संस्थान के पक्ष में जीवन वृत उन्नति योजना के अंतर्गत सहायक आचार्य एवं आचार्य के पद पर क्रमशः दिनांक 22.07.2013 एवं 22.07.2016 के स्थान पर हुई पदोन्नति को संशोधित कर क्रमशः दिनांक 09.10.2013 एवं दिनांक 09.10.2016 से करने हेतु प्रकरण को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने के संबंध में।**

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किए गए परिवेक्षण के आलोक में डॉ० चन्द्र मोहन परशीरा की क्रमशः सह–आचार्य एवं आचार्य के पद पर की गई पदोन्नति की तिथियों को दिनांक 22.07.2013 एवं 22.07.2016 के स्थान पर दिनांक 09.10.2013 एवं 09.10.2016 संशोधित करने हेतु अनुमोदित किया।

<u>मद संख्या–11:</u> **कार्यकारिणी परिषद् द्वारा मद संख्या 4 दिनांक 17.04.2017 को लिए गए निर्णय के अनुरूप आचार्य सुनील देष्टा, विधि विभाग द्वारा उपभोग किये गये असाधारण अवकाश(बिना वेतन के) को लोकहित में परिवर्तित करने एवं तदानुसार वितिय लाभ प्रदान करने की अवधि को परिशोधन हेतु कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करने के संदर्भ में।**

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने मामले पर विस्तार से चर्चा के उपरांत अपनी पिछली बैठक दिनांक 17–04–2017 में मद संख्या–4 तथा बैठक दिनांक 06–06–2018 में मद संख्या–3 के अंतर्गत लिए गए निर्णय के आलोक तथा इसमें समरूपता लाने के लिए आचार्य कमलजीत सिंह व आचार्य सुनील देष्टा आचार्य विधि विभाग द्वारा क्रमशः दिनांक 28–07–2006 से 31–07–2008 तथा 08–06–2006 से 18–8–2006 तक उपभोग की गई असाधारण अवकाश (बिना वेतन के) की अवधि को अध्यादेश 36.4(d) में निहित परन्तुक–2 के अंतर्गत लोकहित में परिवर्तित करने तथा अन्य वित्तीय लाभ पूर्व व्यापी प्रभाव से प्रदान करने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की।

<u>मद संख्या–12:</u> **हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वित्त समिति की दिनांक 11.09.2018 को सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट कार्यकारिणी परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने वित्त समिति की दिनांक 11–09–2018 को बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट को निम्न टिप्पणी के साथ **संलग्नक** के अनुरूप अनुमोदित किया:–

**<u>(मद संख्या–37)</u>:** सदस्य श्री बिपन कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के यू.आई.आई.टी. संस्थान में प्रोग्रामर का पद जिस पर श्रीमती श्वेता राजपूत को नियुक्ति दी गई है रू0 15600–39100+5000 ग्रेड पे वेतनमान प्रदान किया गया। जबकि विश्वविद्यालय परीक्षा कम्प्यूटर केन्द्र में नियुक्त प्रोग्रामरों को वित्त समिति की रू0 5400/– ग्रेड पे प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रोग्रामरों के पद पर कार्यरत भिन्न–भिन्न प्रोग्रामरों के लिए दोहरा मापदण्ड अपनाना तर्कसंगत नहीं है जिससे मामले में कानूनी विवाद उत्पन्न होने की

प्रवल संभावना है। अतः अनावश्यक कानूनी विवाद एवं एक पद पर कार्यरत व्यक्तियों के समान वेतन प्रदान किया जाना उचित होगा। उन्होंने यू.आई.आई.टी. संस्थान में नियुक्त श्रीमती श्वेता राजपूत को भी विश्वविद्यालय में कार्यरत अन्य प्रोग्रामरों की तर्ज पर उक्त वेतनमान में रू0 5400/– ग्रेड पे प्रदान किए जाने हेतु प्रकरण को वित्त समिति के पुनर्विचार हेतु प्रस्तुत करने का आग्रह किया। जिस पर कुलपति महोदय ने आश्वस्त किया कि मामले में जो भी तर्कसंगत होगा तदानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**(अतिरिक्त मद संख्या–4):** सदस्य श्री बिपन कुमार ने कहा कि वित्त समिति द्वारा की गई संस्तुति के अनुसरण में चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति हेतु भर्ती एवं पदोन्नति कोटे में आबंटित 30 प्रतिशत एकमुश्त छूट (10 प्रतिशत कोटे के अतिरिक्त एल.डी.आर. कोटे का 20 प्रतिशत एल.डी.आर. सहित) लिपिक संवर्ग के कुल स्वीकृत/सृजित पदों का पदोन्नति हेतु भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अंतर्गत व समग्र लिपिकीय वर्तमान में उपलब्ध 232 पदों पर पदोन्नति की जाए।

कुलसचिव ने बैठक में सूचित किया कि सर्वश्री सुमित कुमार, राहुल शर्मा, संजय वर्मा, हेमेन्द्र चंदेल, सूर्यकांत, प्रकाश ठाकुर, राहित एवं अरनव सूद, हिमाचल प्रदेश बेरोजगार युवा द्वारा माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश के समक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 10 प्रतिशत आरक्षित कोटे के विरूद्ध की जा रही पदोन्नति व लिपिकों आदि की सीधी भर्ती से सम्बन्धित अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है जिसे पंजीयक (नियम)महोदय, माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश द्वारा उचित कार्रवाई हेतु उनके कार्यालय के पत्र संख्याःHHC/PIL/F-2467/06-2018/-9765 दिनांक 2/3–07–2018 द्वारा कुलसचिव को प्रेषित किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने माननीय हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण में

लम्बित ओ.ए. संख्या:3412/2018 दिनांक 08–06–2018 शीर्षक यशपाल शर्मा एवं अन्य बनाम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पारित अन्तरिम आदेशों का मामला भी परिषद् के समक्ष रखा।

उन्होंने यह भी सूचित किया कि उक्त दोनों मामलों में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 11–09–2018 को हुई बैठक की कार्यसूची में भी उक्त का उल्लेख किया गया है तथा आग्रह किया कि उपरोक्त वर्णित मामलों में माननीय न्यायालयों के आदेशों के दृष्टिगत निर्णय लिया जाए।

कार्यकारिणी परिषद् ने विस्तृत चर्चा के उपरांत वित्त समितिकी दिनांक 11–09–2018 को हुई बैठक में की गई संस्तुति के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में उल्लेखित 10 प्रतिशत पदोन्नति व 20 प्रतिशत एल.डी.आर. कोटे के अंतर्गत कुल 30 प्रतिशत लिपिक वर्गीय समस्त स्वीकृत 232 पदों में से प्रतिशतता के आधार तथा माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश व माननीय हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण में लम्बित मामलों के दृष्टिगत पदोन्नति करने का निर्णय लिया।

<u>मद संख्या–13:</u> **हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण, शिमला द्वारा दिनांक 10.10.2017 को OA नंबर 1764/2017 में जारी किए गए आदेश, जिसमें डॉ० आंकाक्षा सूद को प्रतीक्षा सूची में एक नंबर पर होने पर, मनोविज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति के लिए विचार करने हेतु आदेश जारी किए गए थे, का मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ एवं आगामी आदेशार्थ प्रस्तुत है।**

......

मद पद चर्चा से पूर्व कुलसचिव ने कार्यकारिणी परिषद् को अवगत करवाया कि विभिन्न विषयों में चयन समितियों की सहायक–आचार्य के पद हेतु कार्यकारिणी परिषद् की दिनांक 23–09–2016 को हुई बैठक में प्रस्तुत की गईं सिफारिशें जिसमें डॉ0 अकांक्षा सूद, मनोविज्ञान विभाग में सहायक आचार्य के पद

हेतु प्रतीक्षा सूची में प्रथम स्थान पर थीं, डॉ0 ऋतु अग्रवाल के अनाधिकृत व स्वेच्छा से अनुपस्थित रहने पर डॉ0 अकांक्षा सूद ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण में OA No. 1764/2017 के अंतर्गत उन्हें प्रतीक्षा सूची में प्रथम स्थान पर होने की स्थिति में नियुक्ति देने के लिए याचिका दायर की जिस पर माननीय प्रशासनिक अधिकरण ने विश्वविद्यालय को याचिकाकर्ता की याचिका पर 30 दिन के भीतर नियुक्ति पर विचार करने के आदेश पारित किए।

माननीय प्रशासनिक अधिकरण द्वारा पारित आदेशों की अनुपालना में मामला कार्यकारिणी परिषद् की दिनांक 22–01–2018 व 29–03–2018 को हुई बैठकों में रखा गया जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने दिनांक 29–3–2018 को हुई बैठक में मद संख्या–25 के अंतर्गत लिए गए निर्णय में डॉ0 ऋतु अग्रवाल को विश्वविद्यालय की सेवाओं से हटाने एवं माननीय प्रशासनिक अधिकरण द्वारा दिनांक 10–10–2017 के तहत पारित आदेशों को माननीय उच्च न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया। तदनुसार विश्वविद्यालय ने माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश में याचिका संख्या–815/2018 दायर की गईं जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 17–04–2018 को निम्न निर्णय देते हुए खारिज कर दिया:

> "Learned Counsel for the petitioner, under instructions seeks permission to withdraw the present petition, reserving liberty to approach the Tribunal seeking review of the order.
>
> As such, present petition is disposed of as withdrawn with the liberty to the writ petitioner to take such steps, as may be so advised in accordance with law.
>
> ....."

माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश द्वारा पारित उक्त आदेशों के अनुरूप माननीय प्रशासनिक अधिकरण के समक्ष पुनः समीक्षा याचिका दायर की गई तथा माननीय प्रशासनिक अधिकरण के दिनांक 10–10–2017 के आदेशों की अवमानना में प्राप्त नोटिस की अनुपालना में तत्कालीन कुलसचिव आचार्य एस.एस. नारटा व कार्यवाहक कुलसचिव डॉ0जे0एस0नेगी दिनांक 31–08–2018 व वर्तमान कुलसचिव दिनांक 17–09–2018 को माननीय प्रशासनिक प्रशासनिक अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए जिसमें उन्होंने माननीय न्यायालय को अवगत कराया कि

मामला कार्यकारिणी परिषद् की आगामी बैठक दिनांक 25–9–2018 में निर्णय लेने हेतु प्रस्तुत किया जाएगा क्योंकि कार्यकारिणी परिषद् ही विश्वविद्यालय अध्यादेश 35.7 के अंतर्गत सक्षम है।

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण द्वारा OA No. 1764/2017 में दिनांक 10–10–2017 को पारित आदेश व उक्त आदेशों की अवहेलना में जारी अवमानना नोटिस पर कार्यकारिणी परिषद् द्वारा विस्तृत एवं गहन चर्चा की गई। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अध्यादेश 35.6 में निहित प्रावधान का उपयोग करते हुए डॉ0 अकांक्षा सूद जो मनोविज्ञान विभाग की प्रतीक्षा सूची में प्रथम स्थान पर थीं मनोविज्ञान विभाग में रिक्त पड़े सहायक आचार्य के पद के विरूद्ध नियुक्ति पत्र देने का निर्णय लिया।

**मद संख्या–14:** **कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष आचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा, शारीरिक शिक्षा विषय की जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत सह आचार्य के पद पर पदोन्नति तिथि पुनः निर्धारण करने बारे।**

.....

कार्यकारिणी परिषद् ने छानबीन/पात्रता समिति तथा कुलपति द्वारा गठित समिति में विरोधाभास होने के फलस्वरूप आचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा, सह–आचार्य, शारीरिक शिक्षा विषय में जीवनवृत उन्नति योजना के अंतर्गत आचार्य के पद पर पदोन्नति की तिथि का निर्धारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वर्ष 2000 के नियम के अनुसार किए जाने के लिए कुलपति महोदय को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया।

......

## यथा–स्थान की गई चर्चाः–

सदस्य श्री सुभाष ठाकुर माननीय विधायक ने डॉ0 प्रकाश चन्देल का हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र से स्नातकोत्तर केन्द्र विश्वविद्यालय में स्थानान्तरण का मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष रखा। जिस पर कुलसचिव महोदय ने परिषद् को अवगत करवाया कि मामले के परीक्षण हेतु आचार्य एन.के. शारदा सदस्य कार्यकारिणी परिषद् की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है और मामले में गठित समिति द्वारा की गई सिफारिशों को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों एवं बाहर से आने बाले आगुन्तकों के लिए जलपान एवं खाने की कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है अतः उन्होंने आग्रह किया कि विश्वविद्यालय परिसर में एक अच्छी कैन्टीन की व्यवस्था की जाए ताकि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों एवं आगुन्तकों के लिए जलपान एवं भोजन की उचित सुविधा मिल सके। जिस पर कुलपति महोदय ने अवगत कराया कि यह मामला पहले से ही उनके संज्ञान में है और वे विश्वविद्यालय परिसर में अच्छी कैन्टीन की व्यवस्था करने के लिए प्रयासरत हैं।

सदस्य श्री आशिथ कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने देहरी महाविद्यालय की अधिसूचना WRS राजकीय महाविद्यालय देहरी जिला कांगड़ा के नाम से जारी की है जबकि विश्वविद्यालय द्वारा इस महाविद्यालय से समस्त पत्राचार राजकीय महाविद्यालय देहरी के नाम से किया जा रहा है जो प्रदेश सरकार की अधिसूचना के विपरीत है। अतः उन्होंने आग्रह किया कि उक्त महाविद्यालय से सम्बन्धित विश्वविद्यालय में उपलब्ध रिकार्ड में आवश्यक सुधार कर भविष्य में महाविद्यालय से समस्त पत्राचार WRS राजकीय महाविद्यालय देहरी जिला कांगड़ा के नाम से किया जाए। जिस पर कुलसचिव महोदय ने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय में बी.जे.एम.सी. का नियमित पाठ्यक्रम नहीं चलाया जा रहा है अतः विश्वविद्यालय द्वारा बी.जे.एम.सी. का नियमित पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत मामला प्रदेश सरकार से उठाया जाए। जिस पर कुलसचिव ने कहा कि उक्त पाठ्यक्रम को नियमित आधार पर प्रारम्भ करने के लिए प्रदेश सरकार से अनुमति लेने के उपरांत आधारभूत ढांचे तथा नियमित संकाय की आवश्यकता होगी, जिस हेतु आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत मामला संबधित निकायों अर्थात बोर्ड ऑफ स्टडीज, संकाय, शैक्षणिक परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। तथापि कार्यकारिणी परिषद् ने उपरोक्त पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने के लिए सैद्धान्तिक रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान की।

सदस्य श्री प्रमोद कुमार चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा एड–ऑन–कोर्सिस का वार्षिक शुल्क रु 1200/– रूपये है जबकि इन कोर्सो की परीक्षा शुल्क 1800/– निर्धारित किया गया है। उन्होंने इस परीक्षा शुल्क को कम करने का आग्रह किया ताकि इन कोर्सों के प्रवेश पाने वाले छात्रों की संख्या में बृद्धि हो सके। जिस पर कुलसचिव ने मामले का परीक्षण कर आगामी कार्रवाई करने हेतु आश्वसत किया।

सदस्य डॉ0 अमरजीत कुमार शर्मा एवं शिक्षा निदेशक ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा महाविद्यालयों को प्रदान किए जाने बाले अनुदान के लिए महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय से स्थायी संबद्धता प्राप्त होने का मामला कार्यकारिणी परिषद् उठाया और कहा कि महाविद्यालयों को स्थायी संबद्धता के बिना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मिलने बाला अनुदान प्राप्त नहीं हो पा रहा है। अतः उन्होंने कार्यकारिणी परिषद् से विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों को स्थायी संबद्धता प्रदान करने का आग्रह किया। जिस पर कुलसचिव ने परिषद् को अवगत कराया कि जिन महाविद्यालयों से आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत स्थायी संबद्धता हेतु आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उन्हें विश्वविद्यालय अध्यादेश में निहित प्रावधान एवं नियमानुसार कार्यकारिणी परिषद् के अनुमोदनोपरांत स्थायी संबद्धता प्रदान की जा रही है।

सदस्य आचार्य एन.के शारदा ने अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता न प्रदान करने और इसके कारण उक्त केन्द्र में छात्रों के प्रवेश न मिल पाने का मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष उठाया जिस पर कुलपति महोदय ने परिषद् को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्राचार का प्रत्युत्तर न देने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है लेकिन वे स्वयं दो–तीन बार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में जाकर इस मामले को संबधित अधिकारियों के उठा चुके हैं और शीघ्र ही इस समस्या का कोई उचित समाधान समाधान निकाल कर उक्त केन्द्र में छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ की जा रही है।

सदस्य श्री बिपन कुमार ने डॉ0 हेम राज शर्मा, उप कुलसचिव (सेवानिवृत) जिन्होंने अपने दस्तावेजों में अपनी जन्म तिथि ज्यादा होने के आधार पर माननीय हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकरण, शिमला में OA No.4309 of 2018 दायर की थी जिस पर माननीय न्यायालय ने उनकी सेवानिवृति पर रोक लगाई थी। विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति महोदय के अनुमोदनापरांत इस विशेष प्रकरण में अपना पक्ष रखने और इस रोक को हटाने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्री बी.सी. नेगी को नियुक्त किया था। उक्त मामले में विश्वविद्यालय का पक्ष रखने के लिए श्री बी.सी. नेगी ने रू0 1–00 लाख शुल्क की मांग की थी जिसे कुलपति महोदय ने अपना अनुमोदन प्रदान किया था। अतः उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा उक्त मामले में श्री बी.सी. नेगी को की गई विधिक शुल्क की अदायगी की कार्योत्तर स्वीकृति का प्रकरण कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष रखा। जिस पर चर्चा उपरांत कार्यकारिणी परिषद् ने उक्त रू0 1–00 लाख की अदायगी को अपनी कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की।

इसके अतिरिक्त श्री बिपन कुमार ने डॉ0 मृदुल शारदा सहायक आचार्य, अंतर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केंद्र के पक्ष में वेतन संरक्षण जिसे कार्यकारिणी परिषद् अपनी पिछली बैठक दिनांक 06–06–2018 को मद संख्या–12 के अंतर्गत अनुमोदित किया था विश्वविद्यालय में स्थित स्थानीय लेखा

परीक्षा विभाग उनके वेतन निर्धारण पर अनावश्यक आपत्तियां लगा रहा है जो कि कार्यकारिणी परिषद् की गरिमा को चुनौती देने वाला निर्णय है। अतः उन्होंने कार्यकारिणी परिषद् से आग्रह किया मामले की गम्भीरता को देखते हुए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएं। जिस पर कुलपति महोदय ने कहा कि वे स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग के सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर मामले का उचित समाधान करेंगे।

सदस्य श्री बिपन कुमार ने विश्वविद्यालय में अनुसचिवीय कर्मचारी (Ministerial staff) के इलावा विश्वविद्यालय में कार्यरत शेष श्रेणियों को सचिवालय वेतन प्रदान करने का मामला भी कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष उठाया, जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने निर्णय लिया कि मामले में अलग से मद पूर्ण तथ्यों सहित परिषद् के समक्ष प्रस्तुत की जाए ताकि मामले में कोई उचित निर्णय लिया जा सके। उन्होंने विश्वविद्यालय में वित्त संचालन के लिए ERP प्रणाली जो प्रारम्भ की जा रही है को सुचारू रूप से लागू करने का मामला भी कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष उठाया। जिस पर कुलसचिव ने अवगत कराया कि उक्त प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है जिसमें कुछ समय लग सकता है।

सदस्य श्री अजय श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय परिसर में चलाए जा रहे अनाधिकृत ढावों का मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष उठाया जिस पर कुलसचिव महोदय ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय परिसर में अनाधिकृत रूप से चलाए जा रहे ढावों को हटाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मामला आयुक्त, नगर निगम शिमला, पुलिस अधीक्षक शिमला व मुख्य बन अरण्यपाल से उठाया गया है।

तदोपरांत कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रों संगठनों द्वारा सौंपे गए मांग–पत्रों पर मांग–बार विस्तार से चर्चा की। छात्र संगठनों द्वारा उठाई गयी मांगों जिसमें मुख्य मांग पीएच.डी. शुल्क जो वर्तमान में 800/– रूपये लिया जा रहा है में कटौती करने पर चर्चा के उपरांत कार्यकारिणी

परिषद् ने मामले के परीक्षण हेतु निम्न समिति का गठन किया:–

| | | |
|---|---|---|
| 1– | अधिष्ठाता अध्ययन | –अध्यक्ष |
| 2– | कुलसचिव | –सदस्य |
| 3– | वित्त अधिकारी | –सदस्य |
| 4– | परीक्षा नियन्त्रक | –सदस्य |
| 5– | आचार्य कमलजीत सिंह | –सदस्य |

छात्र संगठनों द्वारा सौंपे गए मांग–पत्रों जिसमें विश्वविद्यालय में वाई–फाई सुविधा उपलब्ध करवाने पर कुलपति महोदय ने कहा कि उनका यह प्रयास है कि विश्वविद्यालय परिसर में वाई–फाई सुविधा दिसम्बर, 2018 तक उपलब्ध करवा दी जाएगी। कार्यकारिणी परिषद् विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा अन्य मांगों पर सौंपे गए मांग–पत्रों पर चर्चा के उपरांत सम्बन्धित शाखाओं/विभागों को आगामी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया।

जहां तक विश्वविद्यालय में रिक्त पड़े पदों को भरने का सम्बन्ध है गैर–शिक्षकों कर्मचारियों के रिक्त पड़े पदों को यथाशीघ्र भरने के लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत है जबकि शिक्षकों के पदों को भरने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों के अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कुलपति महोदय ने परिषद् को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में Placement Officer का एक पद सृजित करने के लिए मामला वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

कुलपति महोदय ने कार्यकारिणी परिषद् समक्ष यह प्रस्तुत किया कि विश्वविद्यालय में कुछ नए पाठ्यक्रम प्रारम्भ भी प्रारंभ किए जाएंगे लेकिन उनका यह प्रयास रहेगा कि विश्वविद्यालय जो भी नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएं उनके लिए आधारभूत ढांचा मौजूद हो और वे वास्तविक रूप में और नियमित रूप से चलाए जाएं यह पहले सुनिश्चित किया जाएगा। कुलपति महोदय द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर कार्यकारिणी परिषद् ने एकमत से अपनी सहमति जताई।

बैठक के अन्त में कुलपति महोदय ने कार्यकारिणी परिषद् को अवगत कराया कि देश व प्रदेश में प्रारम्भ किए गए स्वच्छता अभियान को साकार रूप देने के लिए विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्षों/निदेशकों/छात्रापालों को भी निर्देशित किया जाएगा कि वे अपने विभाग/भवन की परिधि में स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए 8–10 कर्मचारियों का समूह बनाकर कम से कम सप्ताह में एक बार स्वच्छता अभियान को वास्तविक रूप देने तथा इसे वास्तव में सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर तथा छात्रावासों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, यह उनका प्रयास रहेगा।

अन्त में बैठक पीठ को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

(के.के.शर्मा) हि.प्र.से.
कुलसचिव
सदस्य–सचिव

अनुमोदित/पुष्टिकरण

कुलपति

संलग्नक मद संख्या- 7

नस्ति संख्या 2–1 / 2012 हि.प्र.वि.वि.(शै.)
शाखाः शैक्षणिक शाखा
प्रभारीः उप–कुलसचिव (शै.)

मद संख्या- 7: शैक्षणिक परिषद की नियमित बैठक दिनांक 30–07–2018 की सिफारिशें कार्यकारिणी परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ हेतु मामला प्रस्तुत करने बारे।

(विवरण लेखः शैक्षणिक परिषद की नियमित बैठक दिनांक 30–07–2018 में लिए गए निर्णयों को कार्यकारिणी परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है जो निम्न प्रकार से है:–

मद संख्या 5:– आयुर्विज्ञान संकाय की बैठक दिनांक 24.03.2018 को क्रम संख्या–3 में प्रस्तावित पाठयक्रम संशोधनों को विश्वविद्यालय के अध्यादेश मे शामिल करने का मामला शैक्षणिक परिषद / शैक्षणिक परिषद की स्थायी समिति के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

..............

शैक्षणिक परिषद ने आयुर्विज्ञान की पाठय समिति व संकाय की बैठक दिनांक 24.03.2018 को क्रम संख्या–3 में अध्यादेश मे प्रस्तावित संशोधनों को विश्वविद्यालय के अध्यादेश मे शामिल करने हेतु संलग्नको के अनुसार अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा कार्यकारिणी परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति प्रदान की। (संलग्नक "क")

अनुपूरक मदें:–

मद संख्या 1:– शैक्षणिक परिषद के समक्ष अध्यादेश 14-B.2, 14-B.4, 14-B.6, 14-B.9 में संशोधन हेतु मामला शैक्षणिक परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

..........

शैक्षणिक परिषद ने दंत विज्ञान की पाठय समिति की बैठक दिनांक 21.03.2018 व दंत संकाय समिति की बैठक दिनांक 16.07.2018 में क्रम संख्या 1 से 5 के अध्यादेश में प्रस्तावित संशोधनों 14-B.2 (i),(iii),(iv), 14-B.4 , 14-B.6, (i) एवं 14-B.9(iv) को विश्वविद्यालय के अध्यादेश मे शामिल करने हेतु संलग्नको के अनुसार अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा कार्यकारिणी परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति प्रदान की।
(संलग्नक " ख")

मद संख्या 2:– To place before the Academic Council the Item No. 1 (i) & (ii) of the proceeding of the faculty of Social Sciences and approved by the Faculty of Social Sciences vide its meeting held on 04-05-2018 w.r.t. Post Graduate Diploma in Ambedkar Studies and Amendments/ Addition to ordinance in Ambedkar Chair.

......................

शैक्षणिक परिषद ने उक्त मामले मे विस्तारपूर्वक चर्चा कर उपरोक्त (क) प्रस्तावित पाठयक्रम Post Graduate Diploma in Ambedkar Studies को पाठयसमिति की बैठक दिनांक 12.12.2017 की क्रम संख्या 1 तथा अध्यादेश में संशोधन क्रम संख्या 2 में प्रस्तावित किया गया है जिसे सामाजिक विज्ञान संकाय की बैठक दिनांक

04.05.2018 में कम संख्या (i) व (ii) में पारित किया गया है को संलग्नको के अनुसार अपना अनुमोदन शैक्षणिक सत्र 2018–19 से प्रदान किया तथा प्रस्तावित संशोधनों को कार्यकारिणी परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति प्रदान की।

(ख) शैक्षणिक परिषद ने इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया कि प्रस्तावित पाठयक्रम को किस विभाग के अन्तर्गत पढाया जाना है इस मामले में एकरूपता लानें बारे उचित निर्णय लेने के लिए सर्वसम्मति से निम्न समिति का गठन किया ताकि समिति वर्तमान में चल रहे तीनों पीठों के पाठयकमों एवं किस मूल विभाग द्वारा संचालित किया जाए के बारे में भी अपनी संस्तुति प्रस्तुत करेगी।

समिति :–

| | |
|---|---|
| 1. अधिष्ठाता अध्ययन<br>हि.प्र.वि.वि. शिमला–5. | अध्यक्ष |
| 2. अधिष्ठाता विधि संकाय<br>हि.प्र.वि.वि. शिमला–5. | सदस्य |
| 3. अधिष्ठाता सामाजिक संकाय<br>हि.प्र.वि.वि. शिमला–5. | सदस्य |

शैक्षणिक परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त समिति अपनी अनुसंशाओं को माननीय कुलपति महोदय के समक्ष जल्द से जल्द प्रस्तुत करें।

(संलग्नक "ग")

**मद संख्या 4:–** बी.एच.एम.एस. पाठयकम में सी.सी.एच. के नियमों के आधार पर विश्वविद्यालय अध्यादेश अध्याय 14 में उपधारा 14-A-31-A (B)(7) में संशोधन हेतु की गई सिफारिश शैक्षणिक परिषद के अवलोकनार्थ अनुमादन हेतु प्रस्तुत है।

......................

शैक्षणिक परिषद ने होम्योपैथी की पाठयसमिति की बैठक दिनांक 20.07.2018 व आयुर्वेद व होम्योपैथी संकाय की बैठक दिनांक 20.07.2018 में प्रस्तुत सिफारिशों को संलग्नक के अनुसार अवलोकन कर विश्वविद्यालय अध्यादेश के अध्याय में प्रस्तावित संशोधन 14-A-31-A (B)(7) को अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा कार्यकारिणी परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति प्रदान की। (संलग्नक "घ")

**मद संख्या 7:–** माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में हि.प्र.वि.वि. के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों/निदेशकों/संस्थानों की बैठक दिनांक 13.06.2018 में लिए गए निर्णयों जिसमें स्नातक स्तर में, सत्र प्रणाली को परिवर्तित कर वार्षिक प्रणाली शैक्षणिक सत्र 2018–19 के अनुसार नियमों का निर्धारण करने की सिफारिशें शैक्षणिक परिषद् की बैठक के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

......................

शैक्षणिक परिषद ने उक्त विषय में माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 13.06.2018 जिसमें स्नातक स्तर में, सत्र प्रणाली को परिवर्तित कर, वार्षिक प्रणाली शैक्षणिक सत्र 2018–19 के अनुसार

निर्धारित नियमावली का संलग्नको सहित अवलोकन कर अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा कार्यकारिणी परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति की। (संलग्नक "ड़")

**विचार बिन्दुः** शैक्षणिक परिषद की नियमित बैठक दिनांक 25–02–2016 में लिए गए निर्णयों जिन्हें कार्यकारिणी परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने की सिफारिश की गई है कार्यकारिणी परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हैं।

संलग्नक-क मद संख्या-7(5)

INDIRA GANDHI MEDICAL COLLEGE SHIMLA-171001.

Amendments of B.Sc. Medical Technology (Renal Dialysis Technology) Required to be incorporated in the First Ordinance of

HIMACHAL PARDESH UNIVERSITY

| NO. | EXISTING | PROPOSED |
|---|---|---|
| 1. | Under ordinance 1.3 under faculty of Medical Sciences<br><br>Faculty of Medical Sciences<br>Bachelor of Medicine and Bachelor of Surgery (M.B.B.S)<br>Master of Surgery (M.S.)<br>Doctor of Medicine (M.D.)<br>B.Sc. Medical Technology (Radiology & Imaging)<br>B.Sc. (Medical Technology (Anesthesia & Operation Theatre Techniques) | For ordinance 1.3 under faculty of Medical Sciences<br><br>The following shall be added<br><br>**B.Sc. Medical Technology (Renal Dialysis Technology)** |
| 2. | **Under ordinance 1.4 eligibility of faculty of Medical Sciences**<br><br>B.Sc. Medical Technology (Laboratory)<br>B.Sc. Medical Technology (Radiology & Imaging)<br>B.Sc. Medical Technology (Anesthesia & Operation Theatre Techniques)<br><br>1. Eligibility: Candidate must have passed 10+2 examination of any recognized Board with Medical Group with 50% marks in aggregate including English and 40% marks in case of SC/ST candidates. | **Under ordinance 1.4 eligibility of faculty of Medical Sciences**<br><br>The following shall be added<br><br>**B.Sc. Medical Technology (Renal Dialysis Technology)**<br><br>1. Eligibility: Candidate must have passed 10+2 examination of any recognized Board with Medical Group with 50% marks in aggregate including English and 40% marks in case of SC/ST candidates. Provided that in-service candidates they must have essential qualifications at the time of appointment of relevant cadre i.e. :- |

संलग्नक - अ मद संख्या - 7

| | |
|---|---|
| Provided that in-service candidates they must have essential qualifications at the time of appointment of relevant cadre i.e. :-<br>(a) Matric with Service.<br>(b) Diploma/Certificate course in concerned subject i.e.<br>Lab Technology, Radiology, Anesthesia, Dialysis awarded DHS or DME and minimum ten years experience in Govt. service in Health & Family Deptt. and Ayurveda Deptt. of Himachal Pradesh.<br><br>OR<br>Must have passed 10+2 examination of any recognized University/Board with 5 years experience in Health & Family Welfare Department and Ayurveda Deptt. in the concerned specialties (Lab Techniques/Assistant Radiology/OTA) in which the applicant intents to compete.<br><br>OR<br>All the interested candidates promoted from the post of Laboratory Assistant to the post of Laboratory Technicians who passed Matric with science examination from any recognized University/ Board and having 10 years experience as Laboratory technicians in Govt. service in the Health & Family Welfare Deptt. and Ayurveda Deptt. of Himachal Pradesh.<br><br>2. **Age:** A candidates should have attained minimum age of 17 years and maximum age of 25 years as on 31st December of the year concerned. Provided that the maximum age limit shall not be applicable in case of in-service candidates. | (a) Matric with Service.<br>(b) Diploma/Certificate course in concerned subject i.e.<br>Lab Technology, Radiology, Anesthesia, Dialysis awarded DHS or DME and minimum ten years experience in Govt. service in Health & Family Deptt. and Ayurveda Deptt. of Himachal Pradesh.<br><br>OR<br>Must have passed 10+2 examination of any recognized University/Board with 5 years experience in Health & Family Welfare Department and Ayurveda Deptt. in the concerned specialties (Lab Techniques/Assistant Radiology/OTA/Dialysis) in which the applicant intents to compete.<br><br>OR<br>All the interested candidates promoted from the post of Laboratory Assistant to the post of Laboratory Technicians who passed Matric with science examination from any recognized University/ Board and having 10 years experience as Laboratory technicians in Govt. service in the Health & Family Welfare Deptt. and Ayurveda Deptt. of Himachal Pradesh.<br><br>2. **Age:** A candidates should have attained minimum age of 17 years and maximum age of 25 years as on 31st December of the year concerned. Provided that the maximum age limit shall not be applicable in case of in-service candidates. |

| Under ordinance 14.34 under faculty of Medical Sciences | For ordinance 14.34 under faculty of Medical Sciences |
| --- | --- |
| 1. B.Sc. Medical Technology (Laboratory)<br>2. B.Sc. Medical Technology (Radio diagnosis & Radiotherapy)<br>3. B.Sc. Medical Technology (Anesthesia Operation Theatre Techniques) | The following shall be added<br>**B.Sc. Medical Technology (Renal Dialysis Technology)** |

| Item No. | Ordinance clause | AGENDA ITEMS EXISTING ORDINANCE /REGULATION | PROPOSED AMMENDMENTS/ ADDITIONS IN ORDINANCE |
|---|---|---|---|
| 1 | 14-B.2 | DURATION OF COURSE | |
| | (i) | The duration of course shall be 5 year with 240 teaching days in each academic year without internship .The commencement of the course of study of the 1st year of BDS will be ordinarily from the month of august every year | Existing clause 14-b.2-(i) should be replaced as :<br>The undergraduate dental programme leading to BDS Degree shall be of 4 (four) academic years with 240 teaching days in each academic year plus one year paid rotating internship in a dental college .The commencement of the course of study of the 1st year of BDS will be ordinarily from the month of August every year. |
| | (iii) | The Examination shall be held in five parts namely 1st BDS examination at the end of 1st academic year,2nd at the end of the 2nd academic year, 3rd at the end of 3rd academic year, 4th at the end of 4th academic year and 5th at the end of 5th year | Existing clause 14-B.2-(iii) should be replaced as :<br>The Examination shall be held in four parts namely 1st BDS examination at the end of 1st academic year,2nd at the end of the 2nd academic year 3rd at the end of 3rd academic year, 4th at the end of 4th academic year . |
| | (iv) | The annual examination will be conducted in the first week of August and supplementary examination in first week of March every year and the result will be declared by the University up to 15th September and 30th April accordingly | Existing clause 14-b.2-(iv) should be replaced as :<br>The annual examination will be conducted in the first week of August and supplementary examination in Second week of February every year and the result will be declared by the University up to 30th September and 31st March accordingly |
| 2 | 14-B.4 | FIFTH YEAR<br>1. Oral & Maxillofacial Surgery<br>2. Prosthodontics and crown and Bridge<br>3 .Conservative Dentistry and endodontic<br>4. Public Health Dentistry | clause 14-B.4 Should be deleted |
| 3 | | SCHEME OF EXAMINATION | |
| | 14-B.4 | In Existing clause 14-B.4 FOURTH YEAR BDS EXAMINATION<br>1. Oral Medicine & Radiology<br>2. Paediatric & Preventive Dentistry<br>3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics<br>4. Periodontology<br>FIFTH YEAR BDS EXAMINATION<br>1. Prosthodontics and Crown & Bridge<br>2 . Conservative Dentistry and Endodontics<br>3. Oral & Maxillofacial Surgery<br>4. Public Health Dentistry | and replaced by the<br>FOURTH YEAR BDS EXAMINATION<br>1. Oral Medicine & Radiology<br>2. Paediatric & Preventive Dentistry<br>3.Orthodontics & Dentofacial Orthopedics<br>4. Periodontology<br>5. Prosthodontics and Crown & Bridge<br>6.Conservative Dentistry and Endodontics<br>7. Oral & Maxillofacial Surgery<br>8. Public Health Dentistry |
| 4 | 14-B.6 | A candidate is required to pass in all the | Existing Clause 14-B.6 (i) should be |

DEAN-CUM-PRINCIPAL
FACULTY OF DENTAL SCIENCES
H.P. GOVT. DENTAL COLLEGE

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (i) | courses in each examination and shall be permitted to appear in the $2^{nd}$, $3^{rd}$ and $4^{th}$ **and $5^{th}$ year** BDS examination only after he/she has passed the lower examination. | replaced as:<br><br>**A candidate is required to pass in all the subjects in each examination and shall be permitted to appear in the $2^{nd}$, $3^{rd}$ and $4^{th}$ BDS examination only after he/she has passed the failed subjects.** |
| 5 | 14-B.9 (iv) | Any candidate who fails in one subject in an examination is permitted to go to the next higher class and appear for the subject and complete it successfully before he/she is permitted to appear for the next higher examination and if the candidate fail in two subjects he/she will not be permitted to attend the next higher classes till he/she passes the particular subjects in the supplementary examination. | Existing clause 14-B.9 (iv) should be replaced as:<br>**Any candidate who fails in one subject in an examination is permitted to go to the next higher class and appear for the subject and complete it successfully before he/she is permitted to appear for the next higher examination. The candidate failing in more then one subject will not be permitted to attend the next higher classes till he/she passes the particular subjects in the subsequent university examination and continue to attend the theory and practical classes of the failed subjects** |

DEAN-CUM-PRINCIPAL
FACULTY OF DENTAL SCIENCES
H.P. GOVT. DENTAL COLLEGE
& HOSPITAL, SHIMLA

संलग्नक - ग अनुपूरक मद संख्या - 7(2)



**PROPOSED AMEMDMEMTS/ADDITIONS TO ORDINANCES w.r.t. DR. BHIMRAO RAMJI AMBEDKAR CHAIR IN HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY, SHIMLA**

| Ord. No. | Reference text of the Ordinances where amendments / additions to be done | PROPOSED AMENDMENTS/ ADDITIONS TO ORDINANCES w.r.t. DR. B. R. AMBEDKAR CHAIR |
|---|---|---|
| 1.1 | *Chapter-I under ordinance 1.1*<br>...<br>3. FACULTY OF SOCIAL SCIENCES<br>1. Philosophy<br>2. Psychology<br>... | *In Chapter-I under the FACULTY OF SOCIAL SCIENCES the following course shall be added at serial no.22 (or at appropriate serial no. thereafter):*<br>Post Graduate Diploma in Ambedkar Studies |
| 1.3 | *Chapter-I under ordinance 1.3 Degrees, Diplomas and Certificates ...* | *The following Diploma shall be added under the FACULTY OF SOCIAL SCIENCES:*<br>Post Graduate Diploma in Ambedkar Studies |
| 1.4 | *Chapter-I under ordinance 1.4*<br>The minimum qualifications prescribed for admission... | *The following addition shall be made in ordinance 1.4 under 'FACULTY OF LANGUAGES; PERFORMING & VISUAL ARTS AND SOCIAL SCIENCE'S' in PG Diploma section at appropriate place/serial no.:*<br>Minimum Qualifications Prescribed for Admission to Post Graduate Diploma in Ambedkar Studies :-<br>A Bachelor's degree in any Faculty of a University established by Law in India including Shastri & Vashist Shastri or any degree equivalent to Bachelor's degree<br>OR<br>Degree of a Foreign University which may be recognized as an equivalent for the purpose by the Vice-Chancellor. |
